आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारत–स्विट्जरलैंड के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने पर जोर, कृषि–फार्मा से लेकर रक्षा और परमाणु ऊर्जा तक सहयोग मजबूत होगा।
2. संचार साथी पोर्टल बना साइबर सुरक्षा का मजबूत माध्यम, पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की संभावित ठगी रोकने में मदद की।
3. बिजली संकट दूर करने की मांग करते हुए विद्युत श्रमिक संघ ने 50 मेगावाट सरकारी एल एन जी प्लांट का काम जल्द शुरू करने की अपील की।
4. एल जी हेल्पडेस्क पर फर्जी शिकायतों को लेकर साइबर थाना सतर्क, पहचान के दुरुपयोग पर एफ आई आर की चेतावनी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड ने व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत–ई एफ टी ए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता निवेश, नवाचार और रोजगार के लिए महत्वाकांक्षी ढांचा है। इसके तहत ई एफ टी ए देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत स्विट्जरलैंड में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और इंजीनियरिंग उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने तथा भारत में जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, बैंकिंग, बीमा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में स्विस निवेश को प्रोत्साहित करेगा। दोनों देशों ने रक्षा उत्पादन, सैन्य आदान–प्रदान और परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

<><><><><><><><>

संचार मंत्रालय के अनुसार, मई 2023 में शुरू हुए संचार साथी पोर्टल ने 30 करोड़ विजिट का आंकड़ा पार कर लिया है। पोर्टल के जरिए संदिग्ध कॉल की शिकायत, अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शन की जानकारी और खोए या चोरी हुए फोन को ब्लॉक कराने की सुविधा मिलती है। अब तक 14 लाख से अधिक खोए या चोरी हुए फोन बरामद किए गए हैं और 4 करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन संबंधी अनुरोधों का निपटारा हुआ है। मंत्रालय के अनुसार वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक से पांच हजार क करोड़ रुपये से अधिक की संभावित साइबर ठगी को रोकने में मदद मिली है।

<><><><><><><><>

नशा मुक्त युवा – विकसित भारत अभियान के तहत कल स्वास्थ्य पद यात्रा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 1,600 युवाओं ने भाग लेकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और मरीना पार्क के मुख्य द्वार से स्वास्थ्य पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा, कौशल विकास और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद विष्णु पद रे, जिला परिषद अध्यक्ष पी. उमर, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष एम. वसंथा सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों एवं माय भारत के स्वयंसेवक शामिल हुए।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार विद्युत श्रमिक संघ ने उपराज्यपाल और केंद्र सरकार से बिजली व्यवस्था मजबूत करने तथा सभी लंबित मामलों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने दक्षिण अंडमान में स्वीकृत 50 मेगावाट सरकारी LNG पावर प्लांट का काम जल्द शुरू करने की मांग की है। संघ ने कहा कि राजधानी श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान में बिजली की मांग

लगातार बढ़ रही है और निजी किराये के पावर प्लांटों पर अधिक निर्भरता के कारण बार–बार बिजली संकट व लोड शेडिंग की स्थिति बनती है। संघ के अनुसार, 50 मेगावाट संयंत्र की पहल वर्ष 2018 से लंबित है, जबकि इसकी आधारशिला भी रखी जा चुकी है। नए संयंत्र के चालू होने तक तत्काल राहत के लिए सरकारी क्षेत्र में 15 मेगावाट का डीजल पावर प्लांट लगाने की भी मांग की गई है। संघ ने बिजली विभाग में मुख्य अभियंता सहित आवश्यक पद सृजित करने तथा खाली पड़े 7 सहायक अभियंता और चौंतीस कनिष्ठ अभियंता समेत अन्य पदों को भरने की मांग उठाई है। साथ ही चार सौ उनसठ मजदूरों से जुड़े मामले में 19 फरवरी 2026 के उच्च न्यायालय के आदेश को शीघ्र लागू कर सेवा एवं वित्तीय लाभ देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस के साइबर क्राइम थाना ने आम लोगों से फर्जी नाम का दुरुपयोग होने के मामले में सर्तक रहने को कहा है। पुलिस के अनुसार किसी अन्य व्यक्ति की पहचान, लोगों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी का दुरुपयोग कर और अनुमति के बिना झूठी शिकायतें एलजी हेल्पडेस्क शिकायत पोर्टल पर दर्ज किया गया है। ऐसे मामलों में संबंधित प्रावधानों के तहत FIR भी दर्ज की गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी अन्य व्यक्ति की पहचान का इस्तेमाल कर ऑनलाइन शिकायत न करें। किसी भी साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, साइबर क्राइम थाना हेल्पलाइन पर तत्काल संपर्क करने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र की ओर से राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम में ‘स्वच्छता ही सेवा 2026’ विशेष अभियान 6.0 के तहत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन के एंबेसडर एवं पद्मश्री नरेश चंद्रलाल ने विद्यार्थियों

को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और स्वच्छता अभियान से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र की ओर से विद्यालय में गीले, सूखे और घरेलू कचरे के लिए तीन कूड़ेदान भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>

एन सी सी की सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण जागरूकता पहल के तहत जंगली घाट के कैडेटों ने पिछले दिनों दो दिवसीय स्वच्छता अभियान तथा 'एक पेड़ मांके नाम' पौधरोपण अभियान में भाग लिया। एक अक्टूबर को जे एन आर एम कॉलेज में आयोजित स्वच्छता अभियान में करीब सौ कैडेटों और एनसीसी स्टाफ ने हिस्सा लिया। दो अक्टूबर को निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर–1, डिगलीपुर, कालीघाट और स्वराज द्वीप के विभिन्न विद्यालयों में भी स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। पौधरोपण अभियान के तहत दो सौ से अधिक फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए।

<><><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय की सी बी सी एस के तहत यूजी लम्बित परीक्षाएं 16 नवंबर से 16 दिसंबर के बीच अंडमान कॉलेज में संभावित हैं। पात्र पूर्व छात्र 7 अक्टूबर तक एन्कॉल परीक्षा प्रकोष्ठ में शुल्क के साथ पंजीकरण करा सकते हैं। अंतिम परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय जारी करेगा।

<><><><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया। संस्थान के प्राचार्य उमा शंकर ने बताया कि अंडमान लॉ कॉलेज और नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान के बीच शैक्षणिक सहयोग व

संसाधन साझा करने के लिए समझौता ज्ञापन किया जाएगा। छात्रों ने पुलिस अधिकारियों के व्याख्यान में पुलिस संगठन, उसकी भूमिका और जनता के साथ संबंधों की जानकारी ली।

<><><><><><><>